कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर

क्रमांकः संनि/स्कूल शिक्षा/शै0प्र0/बालसभा/2019/1089 दिनांक : 8 मई, 2019

01. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, हनुमानगढ़/श्रीगंगानगर/बीकानेर

02. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, हनुमानगढ़/श्रीगंगानगर/बीकानेर

विषयः:- दिनांक 07.05.2019 को आयोजित वी0सी0 में दिए गए बाल सभा संबंधी निर्देशों की पालना तथा वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की संशोधित तिथि के संबंध में

प्रसंगः:- निदेशक मा0शिक्षा राज0 बीकानेर का पत्रांक शिविरा /माध्य/ मा-स/22418/शिविरा पंचाग/2018-19/ 215 दिनांक 7.5.19 के क्रम में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में दिनांक 7.5.19 को आयोजित वी0सी0 की पालना हेतु निर्देशित किया जाता है कि -

01. परीक्षा परिणाम घोषणा दिनांक 09.05.2019 ::

- आपके आधीन समस्त राजकीय विधालयों में कक्षा 6,7,9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड वितरण की तिथि संशोधित कर दिनांक 08.05.2019 के स्थान पर 09.05.2019 को 11.00 बजे बाल सभा के पश्चात् विधालय परिसर में करवाया जाना सुनिश्चित करें ।
- विधालय के समस्त विद्यार्थियों की परीक्षा समाप्ति के उपरान्त आगामी कक्षा में अस्थायी प्रवेश दिया गया था उनका नियमितिकरण यथा परिणाम किया जाना सुनिश्चित करें ।

02. दिनांक 09.05.2019 को आयोजित की जाने वाली वृहद् बाल सभा ::-

- राजीव गांधी केरियर पोर्टल के बारे में विशेष रूप से विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को जानकारी देंवे तथा एक लघु वार्ता भी आयोजित करें । यथा सम्भव मोबाइल या लेपटॉप का उपयोग कर राजीव गांधी केरियर पोर्टल की ऑन स्पॉट लॉगइन करवाना सुनिश्चित करें ।
- दिनांक 09.05.2019 को आयोज्य बालसभा का प्रिंट मीडिया/इलेक्ट्रानिक मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे ।
- बाल सभा आयोजन में सभी जानकारी उसी दिन अर्थात 9 मई को ही शाला दर्शन पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ।

www.rajteachers.com

eduraj.in

Scanned by CamScanner

- बाल सभा आयोजन में सभी विभागों का सहयोग प्राप्त करने के प्रयास किए जावें तथा ब्लॉक में पदस्थापित न्यायिक मजिस्ट्रेट / एस0डी0एम0 / बी0डी0ओ0/ डी0एस0पी0 आदि से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें बाल सभा में आमंत्रित किया जावे ।
- प्रत्येक विद्यालय के लिए विद्यालय प्रभारी अधिकारियों को सूचित किया जाना सुनिश्चित करें ।
- बालसभा में छाया, पानी, मेडिकल की सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ।
- प्रत्येक पंचायत प्रा0शिक्षा अधिकारी (पी.ई.ई.ओ.) अपने–अपने क्षेत्रों के विधालयों से बाल सभा के बेस्ट एक–एक वीडियो व एक–एक फोटो संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करें ।
- समस्त पंचायत प्रा0शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्रों के विधालयों में बाल सभा की मॉनिटरिंग के लिए अपने विधालय से व्याख्याता/ वरिष्ठ अध्यापक की उपस्थिति सुनिश्चित करें ।
- समस्त विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के लिए गृहकार्य, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक तथा पुस्तकालय से अन्य उपयोगी पुस्तकों का वितरण करना सुनिश्चित करें ।
- दिनांक 09.05.2019 को आयोजित की जाने वाली भव्य बाल सभा में स्काउट–गाइड, एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 के विद्यार्थियों का वातावरण निर्माण तथा अभिभावकों को निमंत्रण पत्र प्रेषित करने में सहयोगी बनाना सुनिश्चित करें ।

उक्त समस्त निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से अपने अधिनस्थ विधालयों में करवाया जाना सुनिश्चित करें ।

www.rajteachers.com

उप जिला शिक्षा अधिकारी
कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर

क्रमांकः संनि/स्कूल शिक्षा/शै0प्र0/बालसभा/2019/1089 दिनांक : 8 मई, 2019
प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ ।

01. निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर
02. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर/बीकानेर/हनुमानगढ़
03. रक्षित पत्रावली

8/5/19

उप जिला शिक्षा अधिकारी
कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर

eduraj.in

Scanned by CamScanner